साँवरे दया करो | By Badal Batra

सांवरे दया करो मेरी फरियाद सुनो
गले से लगा के बाबा मुझे आबाद करो
श्याम तुम मेरा हाथ थाम लो
तेरे दूर आके मेरे दूर हुए गम
जीती हर बाज़ी कभी हारे नहीं हम
वादा कर मुझसे तू सांवरे सनम
दूर नहीं होना तुझे मेरी है कसम
तुझसे ही सांसें मेरी तुझसे ही दम

श्याम तेरी नज़रो ने जादू कैसा कर दिया
सूनी सूनी ज़िन्दगी को खुशियों से भर दिया
तू चला आया मैंने जब तेरा नाम लिया
सारे ही ज़माने को दीवाना तूने कर दिया
तुझसे ही सांसें मेरी तुझसे ही दम

कैसे मैं मनाऊं मेरे श्याम तुझको
कौन से बहाने से बुलाऊँ तुझको
हर एक लम्हा ख़याल है तेरा
याद में तेरी बुरा हाल है मेरा
तुझसे ही सांसें मेरी तुझसे ही दम

तेरे लिए धड़के ये दिल मेरा श्याम
मेरी रग रग में है बस तेरा नाम
तेरे सिवा कुछ मुझे भाता नहीं
चैन मेरे दिल को भी आता नहीं
तुझसे ही सांसें मेरी तुझसे ही दम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-badal-batra/